**भारत सरकार** **लोक सभा**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 4071**
**वाणिज्य विभाग**

**दिनांक 25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**चीन से आयात**

**4071. श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि चीन से आयात 2018-19 में लगभग 70 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 101 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है, साथ ही औद्योगिक वस्तुओं का आयात पिछले पंद्रह वर्षों के दौरान 21 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक बढ़ा है, तथा इसमें और तीव्रता से वृद्धि होने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो चीन के निर्यात का पिछले पंद्रह वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान राशि और प्रतिशत सहित वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या चीन के विशेषकर मशीनरी, रसायन, भैषजिक और वस्त्र सहित आठ प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में शीर्ष आपूर्तिकर्ता होने के कारण, पिछले पंद्रह वर्षों में देश के कुल आयात की तुलना में इससे माल आयात 2.3 गुना तीव्रता से बढ़ा है; और

(घ) यदि हां, तो पिछले पंद्रह वर्षों के दौरान आयातित वस्तुओं की वस्तुवार लागत सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क): वर्ष 2018-19 से वर्ष 2023-24 तक चीन से आयात का ब्यौरा वाणिज्य विभाग की वेबसाइट अर्थात् https://tradestat.commerce.gov.in/eidb/icntcomq.asp से प्राप्त किया जा सकता है । पिछले पंद्रह वर्षों के दौरान चीन से आयात का क्षेत्रवार ब्यौरा वाणिज्य विभाग की वेबसाइट अर्थात् https://tradestat.commerce.gov.in/meidb/cntbrcq.asp?ie=i से प्राप्त किया जा सकता है ।

वैश्वीकरण के युग में, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएँ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के साथ-साथ विकास के अवसरों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जैसे-जैसे भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएँ (जीवीसी) के साथ तेजी से जुड़ रहा है, एक सफल जीवीसी एकीकरण के लिए आयात उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि निर्यात । चीन से आयातित अधिकांश वस्तुऐं कच्चे सामग्रियां, इंटरमिडिएट्स वस्तुऐं

और पूंजीगत वस्तुऐं जैसे ऑटो कंपोनेंट, इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स और असेंबली, मोबाइल फोन के पुर्जे, मशीनरी और इसके पुर्जे, सक्रिय भेषज सामग्रियां आदि है जिनका उपयोग उन परिसज्जित उत्पादों को बनाने के लिए भी किया जाता है जिनका भारत से बाहर भी निर्यात किया जाता है। इन श्रेणियों में आयात पर भारत की निर्भरता मुख्य रूप से बढ़ती आय के स्तर के कारण घरेलू आपूर्ति और मांग में अंतर के कारण है।

(ख): भारत सरकार अन्य देशों के निर्यात के आधिकारिक आंकड़ों की संरक्षक नहीं है । तथापि, पिछले पंद्रह वर्षों और चालू वर्ष में चीन से भारत के आयात का वर्षवार विवरण वाणिज्य विभाग की वेबसाइट अर्थात् https://tradestat.commerce.gov.in/eidb/icntcomq.asp पर उपलब्ध है ।

(ग): जी हां ।

(घ): उपर्युक्त (ग) के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न नहीं उठता।

*****